मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-06
01/01/2021

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कैलेण्डर 2021 का किया लोकार्पण

पटना, 01 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्य सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर एवं टेबुल कैलेण्डर 2021 का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

कैलेण्डर के लोकार्पण के अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री ब्यासजी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री पी0एन0 राय, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदयकांत मिश्रा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार उपस्थित थे।

******